# प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011

टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-04 फैक्स नं. : 0755-2550498 वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in


# परीक्षा–परिणाम

## मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत विभिन्न विभागों/कार्यालयों में समूह–5 के अंतर्गत स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट ग्रेड–2 स्टीवर्ड व अन्य पदों की भर्ती हेतु

## संयुक्त भर्ती परीक्षा–2020

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा तिथि | : | 28 दिसंबर, 2020 से 13 जनवरी, 2021 |
| परीक्षा परिणाम तिथि | : | 12 मई, 2021 |

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

12/05/21 12/5/21 12/5/21

# प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

## मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत विभिन्न विभागों/कार्यालयों में समूह–5 के अंतर्गत स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मास्स्टि ग्रेड–2 व अन्य पदों की भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2020 का परीक्षा परिणाम

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा दिनांक 28 दिसंबर से 13 जनवरी तक मध्यप्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर, जबलपुर, सागर, सतना, सीधी व उज्जैन परीक्षा शहरों में समूह–5 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत विभिन्न विभागों/कार्यालयों में फार्मासिस्ट, प्रयोगशाला तकनीशियन, रेडियोग्राफर, नेत्र सहायक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, प्रयोगशाला सहायक (औषधि) एवं अन्य रिक्त पदों की पूर्ति हेतु भर्ती परीक्षा–2020 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा में ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त **92433** मान्य आवेदन–पत्रों के विभिन्न पदों हेतु प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे। परीक्षा में अलग–अलग पदों के लिए कुल 25 विभिन्न प्रश्न पत्रों (A से Y तक) के द्वारा परीक्षा आयोजित की गई। प्रश्न पत्र K का परिणाम तैयार नहीं किया गया है। प्रश्न पत्र K को छोडकर अन्य प्रश्न पत्रों में कुल **51852** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

2. परीक्षा उपरांत बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों की उत्तरपुस्तिकायें वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से प्रश्न–उत्तरों के संबंध में अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर कुंजी समिति के अभिमत अनुसार अंतिम उत्तर कुंजी एवं नार्मलाईज्ड प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।

3. नियमपुस्तिका के अनुसार ऑनलाईन परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी के पदों हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत (निःशक्तजन अभ्यर्थी के लिए 40 प्रतिशत) तथा आरक्षित श्रेणी के पदों हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण मानते हुए विभागवार, पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार प्रावीण्य व प्रतीक्षा सूचियॉ तैयार की गई है।

4. इस परीक्षा हेतु अंतिम रूप से उपलब्ध करवाई गई विभागवार, पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार पदों की संख्या, भरे गए पद, रिक्त रहे पद एवं कटऑफ अंकों का विवरण **परिशिष्ट–1** पर संलग्न है।

5. परीक्षा के प्रश्न पत्र "K" के अतिरिक्त शेष सभी प्रश्न पत्रों का परीक्षा परिणाम तैयार किया गया। जिसके फलस्वरूप निम्नलिखित पोस्ट कोड को परिणाम मे सम्मिलित नहीं किया गया है।

| स.क्र. | पोस्टकोड | विभाग का नाम | पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 57 | अधिष्ठाता अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा | नर्सिंग सिस्टर |
| 2 | 123 | कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय महाविद्यालय, शहडोल, म.प्र. | मेटर्न |
| 3 | 1 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडीकल कॉलेज, जबलपुर, म.प्र. | स्टॉफ नर्स |
| 4 | 55 | संचालक संचालनालय स्वास्थ सेवायें, म.प्र. | पुरूष स्टॉफ नर्स |
| 5 | 56 | संचालक संचालनालय स्वास्थ सेवायें, म.प्र. | पुरूष स्टॉफ नर्स (संविदा) |
| 6 | 83 | संचालनालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, इंदौर, म.प्र. | स्टॉफ नर्स |
| 7 | 124 | कार्यालय अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडीकल कॉलेज, जबलपुर | स्टॉफ नर्स |

12/8/21

–2–

6. नियमों में रिक्त पदों के परिवर्तन संबंधी स्पष्ट विभागीय निर्देश उपलब्ध नहीं होने के कारण भूतपूर्व सैनिक संवर्ग के रिक्त रहे पदों को परिवर्तित कर नहीं भरा गया है।

7. समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की आयु के आधार पर पारस्परिक वरीयता निर्धारित की गई है अर्थात् आयु में वरीष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी गई है।

8. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित विकल्प/प्राथमिकताक्रम के आधार पर नियमानुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

9. प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः तैयार की गई प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची के आधार पर आवेदक की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों आदि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग/कार्यालय के स्तर से किया जायेगा तथा उचित पाए जाने पर ही संबंधित विभाग/कार्यालय के नियमानुसार अंतिम चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।

10. बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर संबंधित विभाग/कार्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। अतः परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत समस्त कार्यवाही विभाग/कार्यालय स्तर से ही की जायेगी।

11. नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार "अंतिम उत्तर कुंजी" तथा "परीक्षा परिणाम" की जानकारी पी.ई.बी. की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है, जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल,
दिनांक : 12 मई, 2021

12/5/21

प्रभारी नियंत्रक
प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल

12/05/21